दिनांक 14.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विभिन्न धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधि के साथ निगम आयुक्त एसके सुंदरानी ने की बैठक’

भिलाईनगर/ आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने धार्मिक स्थलों के प्रतिनिधियों की बैठक निगम सभागार में आयोजित की जिसमें आयुक्त ने कहा कि धार्मिक स्थलों से निकलने वाले फूल ,पत्ती ,सुखा कचरा को निगम भिलाई द्वारा संचालित पूजा एक्सप्रेस को अलग अलग प्रदान करें ताकि इनका सदुपयोग अन्य उपयोगी चीजें बनाने में किया जा सके इसीलिए छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसायटी के संस्थापक को भी बैठक में शामिल किया गया जो धार्मिक स्थलों से निकलने वाले फूल, पत्ती का पुनः उपयोग करने का कार्य स्वयं सहायता समूह के माध्यम से करेंगी।

आयुक्त सुंदरानी ने कहा कि धार्मिक स्थलों में लगने वाले लाइन में भी स्वच्छता एप डाउनलोड करवा कर निगम भिलाई को स्वच्छता में नंबर वन बनाने हेतु सहयोग करें।

प्रोजेक्टर के माध्यम से पीआईयू हरीश ठाकुर द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को धार्मिक स्थल से निकलने वाले फूल, पत्ती आदि से खाद बनाने का तरीका प्रदर्शित किया गया ।

छत्तीसगढ़ वेलफेयर सोसायटी की संस्थापक विनीता वैष्णव ने बताया कि दिव्यांगों को रोजगार देने हेतु भिलाई में महर्षि स्कूल के पीछे जुनवानी में अगरबत्ती बनाने का काम किया जा रहा है आयुक्त ने श्रीमती विनीता वैष्णव से कहा कि यदि हम आपको धार्मिक स्थलों से निकलने वाले फुल को दे दे तो उनसे आप उसका अर्क निकाल के गुलाब जल तैयार कर सकते हैं इस पर श्रीमती वैष्णव ने जल्द ही कम लागत पर तैयारी प्रारंभ करने की बात कही साथ ही ब्यूटी पार्लर से संपर्क कर फेस पैक एवं स्क्रब भी तैयार करने की जानकारी दी।

निगमायुक्त ने अंत में कहा कि जो भी धार्मिक स्थल जीरो वेस्ट होगा उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

जनसम्पर्क अधिकारी